हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 जून 2026

06 रेहटी सहित सलकनपुर में पल्स पोलियो अभियान का



07 यहां कर्मचारी पारदर्शिता से काम करें तभी नवीन...





## खबर संक्षेप

### छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का एमपी टॉस मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाइट www.tribal.mp.gov.in पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हो रही धर्मसभा

**सीहोर।** दिगंबर जैन संत मुनि साध्य सागर महाराज ससंघ सिद्धपुर नगर के जैन संत भवन में विराजमान हैं। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रोज सुबह उनके सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम, पूजन-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। श्रावक-श्राविकाएं शामिल हो रहे हैं। धर्म लाभ ले रहे हैं। धर्मसभा में साध्य सागर महाराज ने कहा कि रोज अभिषेक और शांतिधारा करने से पापों का क्षय होता है। पुण्य बढ़ता है। भगवान के सामने अहंकार नहीं करना चाहिए। कर्म हम ही बांधते हैं। कर्म में मायाचारी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मों को भस्म करने का अच्छा उपाय भगवान की भक्ति है। भीतर का भाव जागता है। वैराग्य की ओर व्यक्ति बढ़ता है। उन्होंने कर्म का अर्थ बताया। कहा कि कर्म सिर्फ काम करना नहीं है। कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से पालन करना भी कर्म है। कर्म ही व्यक्ति के भाग्य का निर्माता है। इसी से समाज की प्रगति होती है। व्यक्ति का चरित्र तय होता है। प्रवचन के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहार चर्या संपन्न की। पुण्य लाभ अर्जित किया।

# खिवनी अभयारण्य में बाघों की वर्चस्व की जंग, 10 साल का 'युवराज' हारा, युवा 'अधिराज' बना जंगल का नया राजा

### टेरीटोरियल फाइट में बुरी तरह जख्मी हुआ अल्फा मेल युवराज, 4 घंटे रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल भेजा, अभयारण्य में 7 से अधिक बाघ सक्रिय


**इछावर।** सीहोर जिले की सीमा से सटे देवास जिले के खिवनी अभयारण्य में बाघों के बीच इलाके पर कब्जे को लेकर खूनी जंग हो गई। इस टेरीटोरियल फाइट में पिछले एक दशक से जंगल पर राज कर रहा 10 वर्षीय अल्फा मेल टाइगर 'युवराज' बुरी तरह घायल हो गया। युवा बाघ 'अधिराज' ने उसे हराकर सल्तनत छीन ली।

#### पंजों में गहरे जख्म, लड़खड़ाते चला युवराज

अभयारण्य प्रबंधन के मुताबिक फाइट में युवराज के पंजों में गहरे घाव हो गए थे। वह चलने के दौरान लड़खड़ाता हुआ दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही शनिवार को वन विहार भोपाल की टीम अभयारण्य पहुंची।

#### 4 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन, भोपाल शिफ्ट किया युवराज

खिवनी अभयारण्य अधीक्षक विकास माहोरे ने बताया कि शनिवार सुबह वन विहार के वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।





करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद कक्ष क्रमांक 208 से घायल युवराज को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। नियमानुसार ट्रेंकुलाइज कर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद विशेष एम्बुलेंस और सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे उच्च स्तरीय चिकित्सा के लिए वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल शिफ्ट कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

#### कैसे बदलता है जंगल का सिंहासन

विशेषज्ञ बताते हैं कि बाघ का वर्चस्व 10 साल की उम्र के बाद घटने लगता है। युवा नर बाघ पुराने अल्फा मेल को चुनौती देते हैं। संघर्ष में हारने वाले बाघ को इलाका छोड़ना पड़ता है। जीतने वाला नया बाघ इलाके में अपनी गंध और निशान छोड़कर संदेश देता है कि अल्फा मेल बदल चुका है। वर्तमान में खिवनी अभयारण्य में 7 से अधिक बाघों की मौजूदगी दर्ज की गई है।

#### अब 'अधिराज' का होगा राज

विशेषज्ञों के अनुसार यह लड़ाई वर्चस्व और इलाके पर अधिपत्य को लेकर हुई। 10 साल का युवराज उम्र के कारण 4-5 साल के युवा अधिराज की फुर्ती का मुकाबला नहीं कर सका। हार के बाद युवराज को अपना क्षेत्र छोड़ना पड़ा और अधिराज ने उसकी सल्तनत पर कब्जा कर लिया।

### मादा तेंदुआ दो शावकों संग रात में घूमती दिखी, डेढ़ महीने में तीसरी बार दस्तक, साधु की मौत के बाद भी नहीं चेता वन विभाग

# सलकनपुर देवीधाम की सीढ़ियों पर तेंदुए का कुनबा सीसीटीवी में कैद, श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल

गौरतलब है कि सलकनपुर क्षेत्र में तेंदुआ दिखने की यह पहली घटना नहीं है। बीते डेढ़ महीने में यह तीसरी बार है जब तेंदुआ कैमरे में कैद हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/रेहटी

जिले के प्रसिद्ध सलकनपुर देवीधाम में एक बार फिर तेंदुओं की दस्तक ने सनसनी फैला दी है। मंदिर की मुख्य सीढ़ियों पर एक वयस्क मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ बेखौफ घूमती हुई सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वीडियो सामने आते ही श्रद्धालुओं, स्थानीय दुकानदारों और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले इस धार्मिक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

#### रात में सीढ़ियों पर घूमता दिखा तेंदुओं का कुनबा

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि मादा तेंदुआ अपने दो बच्चों के साथ मंदिर की सीढ़ियों पर टहल रही है। चिंता की बात यह है कि सुबह तड़के और देर रात भी श्रद्धालु इन्हीं सीढ़ियों से माता के दर्शन के लिए जाते हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका से लोग सहमे हुए हैं।



#### डेढ़ महीने में तीसरी बार दिखा तेंदुआ, सुरक्षा के दावे फेल

गौरतलब है कि सलकनपुर क्षेत्र में तेंदुआ दिखने की यह पहली घटना नहीं है। बीते डेढ़ महीने में यह तीसरी बार है जब तेंदुआ कैमरे में कैद हुआ है। इससे पहले 14 जून को भी एक तेंदुआ मंदिर की सीढ़ियों के पास देखा गया था।



#### साधु की मौत की याद फिर ताजा

इस घटना ने 14 मई को हुई साधु की मौत की घटना को फिर चर्चा में ला दिया है। उस समय सलकनपुर टेकरी के पास नागिन जोड़ क्षेत्र में एक साधु का शव मिला था। शुरुआती जांच में जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई गई थी। घटना के बाद वन विभाग ने ट्रैप कैमरे लगाए थे, जिसमें अगले ही दिन एक तेंदुआ कैद हुआ था। इसके बाद माना गया कि साधु पर तेंदुए ने हमला किया था।

#### वन विभाग के दावे हवा-हवाई, मुनादी से काम चलाने की तैयारी

साधु की मौत के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और निगरानी बढ़ाने के बड़े दावे किए थे। लेकिन अब फिर तेंदुओं की मौजूदगी ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

सलकनपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय ने बताया कि फिलहाल पूरे क्षेत्र का सर्वे शुरू कर दिया गया है। साथ ही मुनादी कर लोगों को रात के समय क्षेत्र में न रुकने और दुकानदारों को समय पर दुकानें बंद करने की सलाह दी जा रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मुनादी से काम नहीं चलेगा। किसी बड़े हादसे से पहले प्रशासन को पिंजरा लगाकर तेंदुओं को पकड़ना होगा और पुख्ता सुरक्षा इंतजाम करने होंगे।

### 12 दिन तक किया जाएगा संगीतमय रामलीला का आयोजन, रामलीला मंचन में श्रीराम जन्मोत्सव देखकर भाव विभोर हुए दर्शक



**सीहोर।** शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में श्री रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि आठ बजे से ग्यारह बजे तक यहां पर कलाकारों के द्वारा भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राजतिलक तक सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी। देर रात्रि को आयोजन रामलीला मंचन में श्रीराम जन्मोत्सव देखकर यहां पर मौजूद श्रद्धालु भाव विभार हो गए। श्रीराम लीला मंचन के दूसरे दिन कलाकारों ने श्रीराम जन्मोत्सव का मंचन किया। श्रीराम जन्म के बाद दरबार में राजा दशरथ को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था। जानकारी होने पर अयोध्या में भी उत्सव जैसा माहौल था। इतना ही नहीं भगवान शंकर भी श्रीराम के जन्म की बधाई देने के लिए अयोध्या पहुंच गए थे। भगवान राम के बाल रुप को देखकर त्रिलोक हर्षित था। रामलीला के दौरान संत माधवदास महाराज, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट आदि ने महंत बृजेश शर्मा सहित रामलीला के पात्रों का स्वागत सम्मान किया। शहर के कोलीपुरा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला कार्यक्रम के दूसरे दिन कलाकारों ने श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग की लीला का मंचन किया। मंचन को देखकर वहां मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और श्रीराम की जय जयकार करने लगे, जिससे पूरा पंडाल गूंजायमान हो गया। जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए श्रीराम जन्मोत्सव के सुंदर एवं मनमोहक दृश्यों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

# लसूड़िया परिहार में युवक ने लगाई फांसी 4 पन्नों के सुसाइड नोट में कर्जदारों के नाम

### जितेंद्र गोस्वामी ने डायरी में लिखा नामजद हिसाब-किताब, किससे लेना था पैसा किनके कर्ज से था परेशान, पुलिस बोली- जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई

#### आर्थिक तनाव बना मौत की वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के पास ग्राम लसूडिया परिहार में बुधवार को सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान जितेंद्र गोस्वामी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

#### 4 पन्नों के सुसाइड नोट ने खोले राज

पुलिस को मौके से एक 4 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। सूत्रों के मुताबिक जितेंद्र ने सुसाइड नोट में क्षेत्र के कई लोगों के साथ हुए आर्थिक लेनदेन का सिलसिलेवार जिक्र किया है। डायरी में नामजद हिसाब-किताब लिखा है कि उसे



किन लोगों से मोटी रकम लेनी थी और किनके कर्ज व मानसिक प्रताड़ना के कारण वह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हुआ।

#### गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म

सुसाइड नोट सामने आते ही लसूडिया परिहार और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया है। तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नोट में कई बड़े नाम हैं, जिनसे जितेंद्र का पैसों का लेनदेन था।

**पुलिस बोली- तथ्यों की पुष्टि के बाद होगी कार्रवाई :** कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर मर्ग कायम कर लिया गया है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य, गवाह और साक्ष्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर सख्त वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मीडिया के सवाल पर टीआई ने कहा कि मौके पर अधीनस्थ अधिकारी गए थे।

उनसे पूरी डायरी रिपोर्ट मिलने और सुसाइड नोट के तथ्यों की प्रामाणिक पुष्टि के बाद ही आधिकारिक बयान दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग और उसमें नामजद लोगों की भूमिका की गहराई से तफ्तीश कर रही है। आर्थिक तनाव और कर्ज के जाल ने एक और जिंदगी लील ली। अब देखना है कि पुलिस जांच में सुसाइड नोट के खुलासे कितने लोगों पर भारी पड़ते हैं।

**टीटीसी के सामने युवक पर हथियार से हमला, 3 फरार:** बुधनी थाना क्षेत्र में एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला किया। पुलिस के मुताबिक फरियादी रामनरेश चौहान 26 साल, निवासी आजमगढ़, गड़रिया नाला बुधनी में किराए से रहता है। मेडिकल कॉलेज में काम करता है। रामनरेश ने बताया, शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे वह बाजार से सब्जी लेकर मोटरसाइकिल से लौट रहा था। टीटीसी के सामने पहुंचा। एक मोटरसाइकिल पर तीन अज्ञात लोग आए। एक ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया। दाहिने हाथ की भुजा में चोट आई। खून निकलने लगा। तीनों आरोपी गड़रिया नाला की ओर भाग गए। अंधेरा होने के कारण फरियादी बाइक का नंबर नहीं देख सका। घायल युवक बुधनी थाने पहुंचा। रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### मौसम विभाग ने जारी किया 48 घंटे का अलर्ट

# मानसून मेहरबान, कई जगह 2 इंच से ज्यादा आष्टा में सबसे ज्यादा 2.05 इंच बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बाद अब जिले भर में झमाझम वर्षा का दौर शुरू हो गया है। आज हुई बारिश में आष्टा ब्लॉक में सबसे अधिक 2.05 इंच पानी गिरा है। अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरों पर खुशी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

भू-अभिलेख अधीक्षक के अनुसार, आज पूरे जिले में 0.75 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। आष्टा के बाद सीहोर मुख्यालय पर 1.19 इंच, श्यामपुर में 1.10 इंच और जावर में 1.02 इंच पानी गिरा। वहीं, इछावर में 0.59 इंच और बुधनी में महज 0.06 इंच हल्की बारिश हुई।




इस दौरान जिले के भैरूंदा और रेहटी क्षेत्र में कोई वर्षा रिकॉर्ड नहीं की गई।

#### जिले में 5.46 इंच औसत बारिश

आंकड़ों के मुताबिक, जिले में 1 जून से लेकर अब तक औसतन 5.46 इंच मानसूनी बारिश हो चुकी है। इस सीजन में कुल बारिश के मामले में भैरूंदा सबसे आगे है, जहां 7.52 इंच पानी बरसा है। इसके बाद इछावर में 7.28 इंच, सीहोर में 5.94 इंच, बुधनी में 5.85 इंच और आष्टा में 5.59 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा जावर में 4.85 इंच और श्यामपुर में 3.50 इंच पानी गिरा है। पूरे जिले में अब तक सबसे कम 3.13 इंच बारिश रेहटी में हुई है।

**अगले 48 घंटे में भारी बारिश से उफान पर आ सकते हैं नदी-नाले :** मौसम विभाग ने जिले में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। अगले 24 से 48 घंटों के भीतर सीहोर के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार, लगातार तेज बारिश होने से जिले के नदी-नाले उफान पर आ सकते हैं। पानी की अच्छी आवक होने से किसानों को खरीफ की फसलों में बड़ा फायदा मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### सीहोर क्लब ने डीएसवायडब्ल्यू को 6-3 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लगातार दूसरे वर्ष भी यहां पर 12 टीमों के मध्य मुकाबले खेले जा रहे है। शनिवार को प्रतियोगिता के पहले मैच में सीनियर वर्ग की टीम सीहोर क्लब ने डीएसवायडब्ल्यू को 6-3 के विशाल अंतर से हराया। शाम को बारिश की फुहारों के मध्य सीहोर क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं जूनियर वर्ग के रोमांचक मैच में आरएसआई टीम ने एमजी क्लब को 2-1 से हराया। इस मौके पर स्ट्राइकर धुरव ने आरएसआई की ओर से लगातार 2 गोल किए। शनिवार को खेल मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने यहां पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि खेलों के माध्यम से खिलाड़ी जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता सीखते हैं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना उन्हें मानसिक रूप से मजबूत और खेल में निरंतरता बनाए रखने में मदद करता है। जब प्रशिक्षक या मार्गदर्शक सही मार्गदर्शन और सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, तो इससे न केवल उनका शारीरिक विकास होता है बल्कि जीवन में सफलता के द्वार भी खुलते हैं। शनिवार को मुख्य अतिथि कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा का एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने शुभारंभ किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को पहला मैच सीहोर क्लब और डीएसवायडब्ल्यू के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर क्लब ने 6-3 से जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर क्लब की ओर से पुष्प, रोहित और सुमन ने 2-2 गोल किए।

### किसी वाहन पर पहले ही जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया गया था, तो उसी वाहन पर दोबारा फिर से कार्रवाई की गई

# ये कैसी कार्रवाई? : निजी बोलेरो से पहुंचा राजस्व अमला, बिना रॉयल्टी रेत के 3 ट्रैक्टर किए जब्त

### एक जुर्माना भरकर छूटा ट्रैक्टर राजस्व अमले ने फिर पकड़ा, टैक्टर छोड़ने के 10हज़ार दो टैक्टर ले जाओ वाहन मालिक ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

लाड़कुई क्षेत्र में शुक्रवार को राजस्व विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। एक ओर जहां विभाग ने तीन ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़कर जब्त किया, वहीं दूसरी ओर पहले से जुर्माना भरकर छूटे एक ट्रैक्टर को दोबारा पकड़ने के मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को राजस्व विभाग का अमला निजी बोलेरो वाहन से लाड़कुई क्षेत्र में पहुंचा और अवैध रेत परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तीन ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़कर कृषि उपज मंडी परिसर में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के बीच एक चौथा ट्रैक्टर, जो पहले ही जुर्माना भरकर थाने से छोड़ा जा चुका था, उसे भी दोबारा जब्त कर लिया गया।

इस मामले में ट्रैक्टर मालिक महेंद्र वर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि करीब 15 दिन पहले खनिज विभाग ने उनके ट्रैक्टर को बिना रॉयल्टी रेत परिवहन के मामले में पकड़ा था। इसके बाद उन्होंने 25 जून को कलेक्टर कार्यालय में जुर्माना जमा किया और 26 जून को आदेश की प्रति थाना भैरूंदा में दिखाकर शाम 4 बजे ट्रैक्टर छुड़वा लिया था।थाने से ट्रैक्टर छुड़ाने के बाद वे करीब 20 किलोमीटर लाड़कुई से आगे ही पहुंचे थे कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी की टीम ने फिर से उनका ट्रैक्टर पकड़ लिया। उन्होंने मौके पर जुर्माना दस्तावेज भी दिखाए, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। ओर टैक्टर वाहन को पकड़कर कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में खड़ा करवा दिया। इस दौरान



भैरुंदा। सभी जब्त टैक्टर वाहन कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में खड़े कराए गए

#### वाहन मालिक ने लगाया आरोप

वाहन मालिक ने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार रामदास गोरले के द्वारा ट्रैक्टर छोड़ने के बदले 10हजार रुपये की मांग की गई। हालांकि इस आरोप की पुष्टि करते हुए लाड़कुई क्षेत्र के नायब तहसीलदार रामदास गोरले का कहना है, आरोप निराधार है, किसी भी प्रकार से रुपयों की मांग नहीं की गई थी ट्रैक्टर चालक मौके पर दस्तावेज नहीं दिखा पाया था। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की गई और सभी चार ट्रैक्टरों को मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है। आगे की कार्रवाई सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार की जाएगी। तो वहीं अवैध वसूली पर लगे आरोपों को निराधार बताया गया है।

मामले का एक और पहलू तब सामने आया जब लाड़कुई चौकी प्रभारी राजेश यादव से जानकारी ली गई। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस पूरी कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब्त वाहनों की सूचना स्थानीय पुलिस को क्यों नहीं दी गई। यदि मंडी परिसर में खड़े इन वाहनों के साथ कोई घटना होती है, जैसे चोरी या अवैध रूप से हटाना, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह भी स्पष्ट नहीं है। इस पूरी कार्रवाई से आम लोगों के बीच प्रशासन की इस करवाई को लेकर चर्चाएं की जा रही हैं, किसी वाहन पर पहले ही जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया गया था, तो उसी वाहन पर दोबारा कार्रवाई क्यों की गई।



भैरुंदा। विभाग ने फिर से कार्रवाई करते हुए जब्त किया यह ट्रैक्टर

#### निराधार हैं आरोप

यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई है, वाहन मालिक महेन्द्र वर्मा ने जो आरोप लगाए हैं वे निराधार है, मौके पर उनके द्वारा कोई जुर्माना रसीद नहीं दिखाई गई थी। टैक्टर वाहन को कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में खड़ा किया गया तब जाकर उनके द्वारा दस्तावेज दिखाए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**रामदास गोरले,** नायब तहसीलदार

## कई जगह निर्माण सामग्री, मिट्टी और मलबा छोड़ा, ठेकेदार के पास मशीनरी तक नहीं

**भैरूंदा।** नगर परिषद भैरूंदा ने भोपाल रोड स्थित बस स्टैंड से माहेश्वरी की दुकान तक करीब 485 मीटर लंबे नाले का निर्माण शुरू किया था। काम को शुरू हुए करीब छह महीने बीत गए। काम अब तक पूरा नहीं हो सका। निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। काम की रफ्तार को लेकर रहवासी नाराज हैं।

रहवासियों का कहना है कि नाले का करीब 60 प्रतिशत काम ही हो पाया है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। समय रहते काम पूरा नहीं हुआ तो वार्ड क्रमांक 13 और 14 की कॉलोनियों में बारिश का पानी भरने की समस्या खड़ी हो सकती है। लोगों के मुताबिक धीमे काम से रोजमर्रा के आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। कई जगह निर्माण सामग्री, मिट्टी, मलबा डालकर छोड़ दिया गया है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार के पास पर्याप्त संसाधन, मशीनरी नहीं है। इसी वजह से देरी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी हनुमान मंदिर के सामने है। रहवासियों के मुताबिक करीब 25 दिन पहले मंदिर के सामने नाले की खुदाई हुई थी। खुदाई से निकली मिट्टी, मलबा अब तक नहीं हटाया गया। श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में परेशानी हो रही है। लोगों ने नाला निर्माण की गुणवत्ता, निगरानी पर भी सवाल उठाए हैं। सरिया और मलबा सड़क पर पड़ा लोगों ने बताया कि पुरानी टूटी हुई नाली को निकालने के दौरान निकला सरिया और मलबा सड़क पर पड़ा हुआ है। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ फैल गया है और कई जगह सरिए खुले हुए दिखाई दे रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति गिरता है तो गंभीर हादसा हो सकता है।



## राम-जानकी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा और महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजन

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम सारखेड़ा में धार्मिक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की एक अनूठी झलक देखने को मिली। ग्राम के प्राचीन राम मंदिर में भगवान राम-जानकी की नवीन प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती भी अत्यंत गरिमामय ढंग से मनाई गई, जिसके उपलक्ष्य में पूरे गांव के लिए एक विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों, विशेषकर युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, शौर्य और राष्ट्रभक्ति से जुड़े जीवन प्रसंगों की छोटी-छोटी प्रेरक जानकारियां दी गईं। वरिष्ठ शिक्षक श्री लखन लाल राठौर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस पूरे कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए एक सराहनीय कदम बताया। इस भव्य आयोजन में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की।



मुख्य अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक के भाई बंटी भैया, ग्राम खंडवा के पूर्व सरपंच रामावतार जाट और ग्राम रामखेड़ा से अजीत सिंह मारण उपस्थित रहे। साथ ही, पतंजलि कन्या गुरुकुल से परिधि राठौर ने भी कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्राम सारखेड़ा के गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान बाबूजी दामोदर मेवाड़ा, विक्रम सिंह मेवाड़ा, देवी सिंह मेवाड़ा, पदम सिंह मेवाड़ा, दौलतराम मेवाड़ा, नरेश मेवाड़ा, देवनारायण, शिवनारायण प्रजापति, धन सिंह प्रजापति, लखन प्रजापति, राधेश्याम राठौर, कालूराम मालवीय, बाबूलाल मेवाड़ा, ओमप्रकाश प्रजापति और जगन्नाथ प्रजापति सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

राम-जानकी की महाआरती के बाद शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## 31 हजार से अधिक किसानों की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 जुलाई से

**भैरुंदा।** ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उत्पादक किसानों के लिए राहत भरी खबर है। भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत 1 जुलाई से 10 अगस्त तक समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द की खरीदी की जाएगी। जिले में 31 हजार से अधिक किसानों ने अपनी मूंग की उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

शनिवार को शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार किसानों से 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की निर्धारित उत्पादकता के आधार पर खरीदी की जाएगी। खरीदी केवल पंजीकृत एवं सत्यापित किसानों से ही होगी। इससे जिले के हजारों किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। भारत सरकार ने विपणन वर्ष 2026-27 के लिए मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,768 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का 7,800 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। सीहोर जिले में खरीदी का कार्य एनसीसीएफ के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि प्रदेश स्तर पर मार्कफेड को राज्य उपार्जन एजेंसी बनाया गया है। खरीदी केंद्रों पर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक उपार्जन होगा। किसानों को शाम 8 बजे तक तौल पर्ची जारी की जाएगी, ताकि गुणवत्ता परीक्षण दिन के उजाले में पूरा किया जा सके। यदि किसी किसान की तौल निर्धारित दिनों में नहीं हो पाती है तो विशेष परिस्थितियों में शनिवार को भी तौल की जाएगी। शनिवार और रविवार को केंद्रों पर परिवहन, भंडारण, लेखा मिलान एवं अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। उपार्जन के दौरान केवल औसत अच्छी गुणवत्ता की उपज ही खरीदी जाएगी। गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली उपज स्वीकार नहीं की जाएगी।



**7 लाख क्विंटल खरीदी का अनुमान :** जिले में 31 हजार से अधिक किसानों के पंजीयन और शासन द्वारा निर्धारित 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की सीमा के आधार पर इस वर्ष करीब 7 लाख क्विंटल मूंग की खरीदी होने का अनुमान है। बीते वर्ष भी लगभग इतनी ही उपज सरकार द्वारा खरीदी गई थी। खरीदी के लिए जिले में विभिन्न उपार्जन केंद्र बनाए जा रहे हैं, जहां किसानों की सुविधा के अनुसार स्लॉट निर्धारित किए जाएंगे। सोमवार को उपार्जन केंद्रों के निर्धारण को लेकर बैठक होने की संभावना है।

**भुगतान को लेकर वेयरहाउस संचालक परेशान :** प्रदेश सरकार द्वारा खरीदी की घोषणा के साथ ही प्रशासन तैयारियों में जुट गया है, लेकिन दूसरी ओर क्षेत्र के वेयरहाउस संचालक पिछले सीजन के भुगतान को लेकर परेशान हैं। संचालकों का कहना है कि पूर्व में भंडारित अनाज का किराया अभी तक पूर्ण रूप से नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि समय पर भुगतान नहीं मिलने से बैंक ऋण की किस्तें, कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्चों का वहन करना मुश्किल हो रहा है। संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो नई खरीदी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### मंदिर परिसर में पौधारोपण, संरक्षण का संकल्प लिया

**सीहोर।** श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में मंदिर परिसर में इन दिनों पौधा रोपण का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर के अलावा अन्य स्थानों पर 100 से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत वरिष्ठ समाजसेवी नमिता अखिलेश राय, संत माधवदास महाराज ने की थी, वहीं एक पौधा रोपण अभियान के तहत करीब 30 पौधे मंदिर परिसर में लगाए गए है। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बेहतर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। केवल वृक्ष ही हमें ताजा हवा मुहैया कराते हैं। मंदिर परिवार के द्वारा पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है।

### रेहटी सहित सलकनपुर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**रेहटी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाकर किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र मीना पटेल ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पांच वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अभियान के दौरान पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो। संस्था प्रभारी डॉ. अभिषेक दायमा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है और सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिद्धार्थी पिल्लई, सेक्टर सुपरवाइजर संजय जैन, कोल्ड चेन प्रभारी अजय सागर, फार्मासिस्ट सुरेश पवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर रेहटी सहित ग्रामीण क्षेत्र मैं भी पोलियो की दवाई पिलाई गई साथ ही सलकनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भी 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई सलकनपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर से बच्चों को बुलाकर पोलियो की दवा पिलाई गई सलकनपुर में स्वास्थ्य की टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया गया ।




### क्रिसेंट रेसीडेंसी ने दी आधुनिक क्लब हाउस की सौगात

# पहली बार विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित क्लब हाउस का शुभारंभ, रहवासियों उठाएंगे लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रतिष्ठित आवासीय परियोजना क्रिसेंट रेसीडेंसी ने अपने रहवासियों को एक और बड़ी सौगात दे दी है। क्रीसेंट रेसीडेंसी ने रविवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त क्लब हाउस का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में विधायक सुदेश राय, पूर्व नगर पालिका समाजसेवी राकेश राय एवं वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में कॉलोनी के रहवासी नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आधुनिक आवासीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और क्रिसेंट रेसीडेंसी का ह्रदय से आभार व्यक्ति किया। आमंत्रित अतिथियों ने फीता काटकर क्लब हाउस का शुभारंभ किया तथा सभी आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए क्रिसेंट रेसीडेंसी की सुविधा जनक पहल की सराहना की।





उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सुरेंद्र रलहन ने बताया कि क्रिसेंट रेसीडेंसी का यह क्लब हाउस आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसमें स्विमिंग पूल, आधुनिक जिम्नेजियम, इंडोर गेम्स ज़ोन तथा मल्टीपरपज हॉल जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे रहवासियों को मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामाजिक आयोजनों के लिए एक ही परिसर में सभी सुविधाएँ मिल सकें। क्रिसेंट रेसीडेंसी का उद्देश्य केवल नागरिकों को आवास उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि एक बेहतर और आधुनिक जीवनशैली भी प्रदान करना है। क्लब हाउस का शुभारंभ इसी संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उद्घाटन के पश्चात अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय और विधायक सुदेश राय ने रहवासियों के साथ क्लब हाउस का अवलोकन किया और उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना करते हुए क्रिसेंट रेसीडेंसी प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं।

## नदी चौराहे पर बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**सीहोर। सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को सुनने के लिए रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल का असर देखने को मिला। नपा की पहल के कारण नदी चौराहे पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने सीधा प्रसारण देखा। भाजपा पदाधिकारी एकजुट हुए। वहीं अनेक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर कार्यक्रम सुना। नदी चौराहे पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर पीएम मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

नदी चौराहे के अलावा शहर के चाणक्यपुरी के समीपस्थ कालोनी के बूथ क्रमांक 201 में नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के अलावा पार्षद और क्षेत्रवासियों ने रविवार को सीधा प्रसारण देखा।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बच्चे उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत और युवाओं की भूमिका पर दिए गए संदेशों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने समाज हित में कार्य करने का संकल्प भी लिया।

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच संवाद का एक मजबूत माध्यम बन चुका है, जिससे देशवासियों को सकारात्मक दिशा मिल रही है।

### संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन

# यहां कर्मचारी पारदर्शिता से काम करें तभी नवीन भवन की सही सार्थकता सिद्ध होगी: चेतन कश्यप

**विपणन सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों से अब साल में एक बार पैसा जमा कराया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



शहर के ब्यावरा रोड पर लगभग 7 करोड की लागत से नव निर्मित तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय संयुक्त भवन का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। यह जिला प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप के मुख्य अतिथि में तथा सांसद रोडमल नागर, विधायक मोहन शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ।

7 करोड रुपए की लागत से नवनिर्मित भवन का जिला प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप द्वारा विधिविधान के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों तथा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा पारदर्शिता से काम करना होगा तभी नवीन भवन निर्माण की सार्थकता सिद्ध होगी। साथ ही आपने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जो शीघ्र ही लागू होने जा रहा है जिसमें विपणन सहकारी संस्थाओं से सालाना लोन लेने वाले किसानों को साल में दो बार पैसा जमा कराया जाता था अब सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि अब किसानों से साल में एक बार ही पैसा जमा कराया जाएगा जिसका सीधा किसानों को लाभ होगा। और समय की बचत होगी। साथ ही आपने कहा कि यहां के विधायक मोहन शर्मा द्वारा बताया गया कि पूर्व में मुख्यमंत्री जी द्वारा जो घोषणा की गई थी वह भी शीघ्र पूर्ण कराया जाने पर आपने कहा कि मुख्यमंत्री से चर्चा कर घोषणा वाले कार्य तुरंत चालू कराए जाएंगे। तथा नरसिंहगढ़ क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए यहां के क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम को सांसद रोड में नगर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा भी संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का सिलसिलेवार बखान किया गया। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा द्वारा नगर विकास पर विस्तार से चर्चा की जाकर विकास के लिए अपनी मांगों को दोहराया गया।जिनका शीघ्र ही निराकरण कराया जाने की मांग रखी गई। इस मौके पर जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एसडीम सुशील कुमार जनपद अध्यक्ष श्रीमती संजू दीवान सिंह तहसीलदार नायब तहसीलदार राजस्व कर्मचारी पटवारी गण तथा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार सहित अन्य मंडल के अध्यक्ष वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में जिला प्रभारी मंत्री द्वारा भाजपा के पदाधिकारीयो से क्षेत्र के विकास तथा समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई जिनका निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत विधायक मोहन शर्मा एस डीएम सुशील कुमार पटवारी संघ अध्यक्ष कोटवार संघ अध्यक्ष द्वारा पुष्प माला तथा स्मृति चिन्ह भेदकर किया गया।अंत में तहसील प्रांगण में नवीन तहसील कार्यालय भवन प्रांगण में मुख्य अतिथि वह सांसद विधायक द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित बंधु एवं आभार एसडीएम सुशील कुमार द्वारा व्यक्त किया गया।

### छापरा टोल प्लाजा पर व्यवस्थाएं ठप

# उदनखेड़ी क्षेत्र में तेज बारिश आकाशीय बिजली का तांडव




## मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शुक्रवार दोपहर करीब 1:45 बजे उदनखेड़ी क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और आकाशीय बिजली के कारण कुछ समय के लिए जनजीवन प्रभावित हो गया। लगातार बिजली कड़कने और तेज हवाओं के चलते क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस प्राकृतिक घटना का सबसे अधिक असर उदनखेड़ी-छापरा टोल प्लाजा पर देखने को मिला। आकाशीय बिजली और तेज आंधी के कारण टोल प्लाजा के विद्युत एवं संचार उपकरणों में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिससे टोल संचालन बाधित हो गया।

### वाहनों की लगी लंबी कतारें

उपकरण बंद होने से टोल कलेक्शन की प्रक्रिया धीमी पड़ गई और नेशनल हाईवे की विभिन्न लेनों में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। वैकल्पिक व्यवस्थाओं के माध्यम से वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने का प्रयास किया गया। साथ ही तकनीकी टीम को मौके पर बुलाकर खराबी दूर करने का कार्य शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद तकनीकी खामी को दूर कर टोल संचालन पुनः सामान्य कर दिया गया। कर्मचारियों ने व्यवस्थित रूप से फंसे वाहनों को आगे बढ़ाया, जिससे कुछ ही समय में यातायात पूरी तरह सुचारू हो गया। राहत की बात यह रही कि तेज बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली के बावजूद इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि या गंभीर दुर्घटना की सूचना नहीं मिली। हालांकि मौसम की इस अचानक बदली स्थिति ने कुछ समय के लिए हाईवे यातायात और टोल संचालन को जरूर प्रभावित किया। हालांकि खबर लिखें जाने के पूर्व स्थिति सामान्य हो गई थी।

# मातमी धुनों के बीच निकले ताजिए, अखाड़े के करतबों ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



नगर में मुस्लिम समाज द्वारा अकीदत, पारंपरिक श्रद्धा और आपसी कौमी सौहार्द के साथ निर्मित किए गए सभी पांचों भव्य व आकर्षक ताजियों (जिसमें मुस्लिम पंचायत, मुसलमान मोहल्ला, नाना बाजार के दो ताजिए, मेवाती समाज तथा अब्बास अली परिवार द्वारा विशेष कलाकृति से बनाए गए ताजिए शामिल हैं) का शुक्रवार दोपहर को पूरी गरिमा और गमगीन माहौल के बीच अपने-अपने इमामबाड़ों से मातमी धुनों और 'या हुसैन' की सदाओं के साथ विशाल जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न पारंपरिक और मुख्य मार्गों से होता हुआ मुख्य केंद्र बड़े बाजार पहुंचा, जहां आयोजित किए गए भव्य अखाड़े में स्थानीय व बाहरी पहलवानों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए गए जिसे देखने के लिए भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसके पश्चात पूरी रात बड़े बाजार प्रांगण में ताजियों के दीदार, जियारत और मन्नतें मांगने के लिए अकीदतमंदों सहित आम श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा, जहां लोगों द्वारा देश में अमन-चैन की दुआएं मांगते हुए अगरबत्ती, लोभान व प्रसाद चढ़ाकर अपनी अटूट अकीदत पेश की गई, और अंततः शनिवार सुबह इन सभी पांचों ताजियों को पूरे सम्मान, विदाई के आंसुओं और गमगीन माहौल के बीच स्थानीय डोब बांध पर ले जाया गया जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इन्हें ठंडा किया गया, इस पूरे दो दिवसीय आयोजन के दौरान कानून, सुरक्षा और शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी और जवान हर मुख्य पॉइंट पर पूरी तरह मुस्तैद व सजग नजर आए।

# श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर से शनिवार को श्रद्धालुओं का एक जत्था पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में राधेश्याम पचवारिया, अशोक पटेल, गंगाप्रसाद पटेल, गोपाल मीणा, अर्जुन पटेल, देवी सिंह मीणा तथा सोहन चंद्रवंशी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। रवाना होने से पहले परिजनों, मित्रों एवं नगरवासियों ने सभी यात्रियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं तथा उनकी सुरक्षित, मंगलमय और सफल यात्रा की कामना की। सभी ने बाबा बर्फानी से क्षेत्र एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना करने का आग्रह भी किया।

## SBI गोल्ड लोन घोटाले का शॉक: बैंक कर्मी ने खुद को मारी गोली

**विदिशा।** एसबीआई के गोल्ड लोन में हुए करोड़ों रुपये के फर्जीवाड़े की सीबीआई जांच में नाम आने के बाद बैंक कर्मी मनोज सोनी ने शुक्रवार को अपने खामखेड़ा स्थित फार्म हाउस में खुद को छर्रे वाली बंदूक से गोली मार ली। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक छर्रा उनके दिल के ऊपर लगा है, जबकि दूसरा छर्रा दूसरे हिस्से में धंस गया। घटना की सूचना मिलते ही फार्म हाउस पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत उनके परिवार को सूचित किया और उन्हें विदिशा जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज भोपाल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि मनोज सोनी पर गोल्ड लोन घोटाले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन मंजूर करने का आरोप है। सीबीआई ने दो दिन पहले ही उनके परिवार द्वारा संचालित एमपी ज्वैलर्स को सील कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद से मनोज सोनी मानसिक तनाव में थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि घटना से पहले वे काफी परेशान नजर आ रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आत्मघाती प्रयास ही सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। कोतवाली पुलिस अधिकारी ने बताया कि मनोज सोनी ने फार्म हाउस के अंदर छर्रे वाली बंदूक से खुद को गोली मारी। घटनास्थल से बंदूक बरामद कर ली गई है। हम सीबीआई जांच के साथ समन्वय बनाकर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। घायल कर्मी की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन चिंता बनी हुई है। विदिशा एसबीआई शाखा में गोल्ड लोन घोटाले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। सूत्रों के अनुसार इस घोटाले में कई करोड़ रुपये का गबन हुआ है। मनोज सोनी समेत अन्य कर्मियों की भूमिका की भी जांच हो रही है। इस घटना ने पूरे बैंकिंग सर्कल में हड़कंप मचा दिया है। परिवार ने मनोज सोनी की जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# शासकीय महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा महाविद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरिजेश वर्मा ने बताया है कि शिविर आयोजन की तिथियां जारी हुई है।विभिन्न निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले शिविरों में विभाग की ओर से श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी, सहायक वर्ग-3 तथा श्री आशीष परिहार, कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहेंगे। दोनों अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में आने वाले आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस बनाने की पूरी प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे।

लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। मध्यप्रदेश के निवासी आवेदकों को परिवहन विभाग के ₹सारथी₹ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर रोगी कल्याण समिति का निर्णय

**हरिभूमि न्यूज:विदिशा।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. अनूप वर्मा, समिति के सदस्यगण एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सक उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा के साथ किया गया। इसके पश्चात अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, मरीजों की सुविधा एवं आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने से संबंधित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में रोगी कल्याण समिति के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों द्वारा चर्चा करते हुए वित्तीय प्रबंधन एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग के संबंध में सुझाव दिए गए। साथ ही अस्पताल परिसर में आवश्यक निर्माण कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था तथा वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए दूषित एवं वर्षा जल की समुचित निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया, ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। बैठक में शिशु रोग (पीडियाट्रिक) ओपीडी को पूर्ण रूप से जिला चिकित्सालय के प्रथम तल पर स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

# अनंत विहार कॉलोनी में एक ही रात तीन घरों के टूटे ताले, लाखों का माल समेट ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत करैयाखेड़ा रोड स्थित अनंत विहार कॉलोनी में शनिवार रात चोरों ने एक साथ तीन घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी।

अज्ञात बदमाशों ने एक मकान में रह रहे तीन किराएदारों और मकान मालिक के घर के ताले तोड़कर नकदी, जेवर और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो घरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा उंगलियों के निशान सहित अन्य साक्ष्य जुटाने में जुट गई। कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से रहवासी दहशत में हैं। जानकारी के अनुसार, कॉलोनी में रहने वाले महेंद्र यादव के घर से चोर एलईडी टीवी सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

वहीं अलख सिंह लोधी के घर से करीब 15 हजार रुपए नकद, चांदी की पायल और अन्य कीमती सामान चोरी होने की जानकारी सामने आई है।

### घटना स्थल का किया निरीक्षण

चोरों ने मकान मालिक नरेंद्र शर्मा के घर को भी निशाना बनाया और वहां से भी सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर उंगलियों के निशान और अन्य साक्ष्य एकत्र किए।

### पहले भी हो चुकी है चोरी की वारदात

स्थानीय लोगों के अनुसार मकान मालिक नरेंद्र शर्मा के घर को इससे पहले भी चोर निशाना बना चुके हैं। इसके बावजूद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद कॉलोनीवासियों ने रात के समय गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्हें बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में एक्सपोजर विजिट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों के 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालयों में एक्सपोजर विजिट का आयोजन कराया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा प्राथमिक शिक्षा में सहज एवं आनंददायक प्रवेश सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र 20/43 के बच्चों को प्राथमिक शाला बरईपुरा का भ्रमण कराया गया, जहां बच्चों का विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से परिचय कराया गया। बच्चों ने विभिन्न खेल आधारित एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे वे खेल-खेल में विद्यालय के वातावरण, अनुशासन एवं सीखने की प्रक्रिया से परिचित हुए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्र 8/93, 8/94 एवं 8/95 के बच्चों का प्राथमिक सिंधी शाला तथा आंगनवाड़ी केंद्र 10/19 के बच्चों का प्राथमिक शाला नंदवाना में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। बच्चों ने कक्षाओं का अवलोकन किया, विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ सहभागिता की तथा विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर विद्यालय के वातावरण को निकट से समझा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस पहल से बच्चों में विद्यालय के प्रति आत्मविश्वास, जिज्ञासा एवं सीखने की रुचि विकसित हो रही है, जिससे उनका प्राथमिक शिक्षा की ओर संक्रमण अधिक सहज और प्रभावी बन सके।

### पर्व एवं सार्वजनिक आयोजनों से हजारों लोगों तक पहुंचा सेफ क्लिक 2.0, लगभग 8 हजार नागरिक हुए जागरूक

# सेफ क्लिक 2.0 के तीसरे दिन भी चली साइबर जागरुकता की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तीसरे दिवस विदिशा जिलेभर में व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे तथा समस्त एसडीओपी के मार्गदर्शन में जिलेभर में आयोजित पर्व, सार्वजनिक स्थलों, बाजार, बस स्टैंड, बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र, ग्राम चौपाल, हाट-बाजार समेत अन्य जनसमूह वाले स्थलों पर व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 8 हजार नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

**शमशाबाद क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं आयोजित, बाजार, बैंक, चौपाल और बस स्टैंड में मौजूद लोगों को किया गया जागरूक**




थाना शमशाबाद क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लटेरी श्री अमरेश बोहरे एवं थाना प्रभारी पंकज गीते द्वारा छोटा चौराहा एवं बस स्टैंड पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर आमजन को मोबाइल फोन के माध्यम से होने वाले साइबर फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन ठगी के संबंध में जानकारी दी गई तथा बचाव के उपाय बताए गए। थाना लटेरी द्वारा कियोस्क संचालकों एवं दुकानदारों को जागरूक किया गया। थाना सिरोंज में बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। थाना पथरिया द्वारा करईखेड़ा जोड़ एवं अन्य स्थानों पर दुकानदारों एवं आमजन को जागरूक किया गया। वहीं थाना कुरवाई क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केन्द्र, मेन मार्केट कुरवाई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसडीओपी कुरवाई, थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। थाना मुरवास द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में नागरिकों को जागरूक किया गया।

### ग्राम चौपालों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची साइबर जागरूकता

थाना उनारसीकला द्वारा ग्राम महोटी में ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। थाना दीपनाखेड़ा द्वारा ग्राम गरेठा में पंचों एवं नागरिकों को जागरूक किया गया। थाना आनंदपुर द्वारा ग्राम ओखलीखेड़ा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना देहात बासौदा द्वारा अंबानगर चौराहा तथा थाना गंजबासौदा द्वारा ग्राम धामनोद में नागरिकों को ₹रुको, सोचो और फिर कार्रवाई करो₹ का संदेश दिया गया।

### कोटवारों, ऑटो चालकों को किया जागरूक

थाना गुलाबगंज द्वारा तहसील कार्यालय में आयोजित बैठक में ग्राम कोटवारों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी तथा 1930 हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। शुक्रवार हाट बाजार में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात विदिशा द्वारा स्टेशन चौराहा पर ऑटो यूनियन के सदस्यों के बीच नुक्कड़ सभा आयोजित कर साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। थाना कोतवाली विदिशा द्वारा रामलीला क्षेत्र में तथा थाना मुगलसराय द्वारा ग्राम गेहूंखेड़ी में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान नागरिकों को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंकिंग पासवर्ड, सीवीवी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर विश्वास न करें तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें अथवा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। विदिशा पुलिस द्वारा आगामी दिनों में भी जिलेभर में ₹सेफ क्लिक 2.0₹ अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सतर्क रहें, सोच-समझकर क्लिक करें और साइबर ठगी से स्वयं भी बचें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

## खबर संक्षेप

### विद्युत पोलों से किसान न बांधें अपने पशु

**सीहोर।** मानसून की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण इलाकों में बिजली से होने वाले हादसों का ग्राफ तेजी से बढ़ने लगता है। कोई भी किसान अनजाने में या लापरवाही वश अपने मवेशियों गाय, भैंस, बैल आदि को बिजली के खंभों विद्युत पोल या उनके सपोर्ट के लिए लगे अर्थिंग के तारों से बिल्कुल न बांधें। बारिश के दिनों में लगातार पानी गिरने और हवा चलने के कारण बिजली के खंभों में खराबी आ जाती है। कई बार गीली मिट्टी और खंभे के आसपास जमा पानी के कारण अर्थिंग की समस्या पैदा हो जाती है, जिससे पूरे लोहे के पोल या सीमेंट के खंभों में भी करंट उतर आता है। इसलिए मामूली सा करंट भी उनके लिए तुरंत जानलेवा साबित हो जाता है। हर साल लापरवाही के कारण सैकड़ों बेजुबान पशु इस तरह के हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। बारिश के दिनों में एक छोटी सी लापरवाही न सिर्फ एक बेजुबान की जान ले लेती है, बल्कि किसान को भारी आर्थिक और मानसिक संकट में भी डाल देती है। इसलिए इस बारिश के मौसम में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसान भाई अपने घरों या खेतों के आसपास मौजूद बिजली के खंभों से निश्चित दूरी पर ही पशुओं को बांधने की व्यवस्था करें। खंभे को सीधा रखने के लिए जमीन में धंसाए गए लोहे के तारों से भी पशुओं को दूर रखें।

### जय भवानी ढाबे के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**चापडा।** पुलिस सहायता केंद्र चापडा क्षेत्र अंतर्गत भमोरी के समीप स्थित जय भवानी ढाबा के पास शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौका पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया।पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश चौहान ने बताया कि करनावद गश्त वाहन के स्टाफ ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस फोटो सोशल मीडिया पर साझा कर पहचान कराने का प्रयास कर रही।

### नगर के दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर पर चतुर्मास होगा

# जैन समाज ने गौरव मुनि, अगर्भ सागर महाराज को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया

महाराज ससंघ को चातुर्मास की भावना को लेकर दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में समाज का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा दिवानगंज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



चातुर्मास की घड़ी नजदीक आने को है मुनि संघ आर्यिका संघो का निरन्तर विहार चल रहा है नगर में पूर्व से ही घोषित समाधिस्थ मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री मुनि सागर महराज व ऐलक श्री मंथन सागर महाराज का चातुर्मास तो नगर के दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर होगा ही।

साथ ही आचार्य सुबल सागर महाराज के शिष्य मुनि अभेद सागर व आष्टा नगर गौरव मुनि अगर्भ सागर महाराज ससंघ को चातुर्मास की भावना को लेकर दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष आनंद जैन के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने दिवानगंज पहुच कर मुनि श्री ससंघ को श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि चातुर्मास के समय मे हमे अपने परिणामो को सम्हालना है ओर गुरु के कहे मार्ग पर चलना होगा। गुरु ही हमे सद्मार्ग बताते है। उन्ही के आशीर्वाद से सब कार्य सिद्ध होते है। पूर्ण संभावना है कि मुनि श्री संघ का चातुर्मास का लाभ आष्टा समाज को प्राप्त होगा। मुनि को श्रीफल भेंट करने वालो में समाज के संरक्षक धनरूपमल जैन, रमेश जैन आदिनाथ, अध्यक्ष आनंद जैन, महामन्त्री कैलाश जैन, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ब्रम्हचारी श्रीपाल भैया जी, अरविंद जैन, कमलेश जैन, पार्षद विमल जैन, कोमल जैन, अटल रमेश जैन, धीरज जैन नीलबड़, अखिलेश जैन, विजय जैन, अवि जैन, विनोद जैन, अक्षय जैन, सन्तोष जैन, हेमन्त जैन, शरद जैन सहित श्रावक श्राविकाओ ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जसपाल अरोरा का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वरिष्ठ भाजपा नेता, सीहोर जिला पंचायत एवं सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व हाल ही में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए गए जसपाल सिंह अरोरा का भाजपा सीहोर ग्रामीण मंडल द्वारा भव्य स्वागत, सत्कार किया गया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नीरज परमार के नेतृत्व में स्थानीय चौपाल सागर चौराहा पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया तो वहीं नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई, शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर श्री अरोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करूंगा। साथ ही आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत हो, इसके लिए हम सभी को मिलकर मैदान में उतरना है एवं पार्टी के लिए कार्य करना है। श्री अरोरा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां पर कार्यकर्ताओं को उनके काम का सम्मान भी मिलता है। भाजपा ही वह पार्टी है, जिसमें एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है तो वहीं एक किसान पुत्र मुख्यमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं के काम का सम्मान किया जाता है। हम सभी को मिलकर पार्टी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। इस मौके पर श्री अरोरा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया।

## नगर में निकाला जूलूस, हमारा देश हिंदू मुस्लिम एकता की मिसालः पूर्व नप अध्यक्ष


हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर में निकला मोहर्रम त्योहार कमेटी का भव्य जुलुस इस अवसर पर नगर परिषद जावर के पुर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य ने मुस्लिम त्योहार कमेटी और मोहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारियों का हार पहनाकर व साफा बांधकर मुख्य बाज़ार गाँधी चौक पर भव्य स्वागत किया पुर्व नपा अध्यक्ष शैलेष वैध नें कहा कि हमारा जावर नगर हिंदू मुस्लिम एकता की सम्पूर्ण भारत में मिसाल है। जावर नगर में सभी धर्म जाति संप्रदाय के लोग मिलजुल कर रहते हैं।

मुस्लिम त्योहार कमेटी द्वारा मुहर्रम जुलूस गंजपुरा जावर से प्रारंभ किया गया। मुख्य बाजार गांधी चौक पर अखाड़ों और ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचा। इस बीच में जगह जगह पर मोहर्रम कमेटी के सदर उस्ताद व खलीफा हुसैन, शाह युसुफ खां, शरीफ खां, शफीक खां और मुस्लिम समाज के सभी वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि सभी का जावर नगर के सभी धार्मिक संगठनों व सामाजिक संगठनों हिन्दू उत्सव समिति जावर, वाल्मीकि युवा मंडल जावर, रविदास सेवा समिति जावर, राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस और भाजपा ने भव्य स्वागत किया। सभी नें मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जुलूस में अखाड़ों के बहूत ही आकर्षक करतब दिखाए जा रहे थे। साथ ही घोड़ा साहब की सवारी की जगह जगह पर लोबान व अगरबत्ती लगाकार इबादत की जा रही थी। नगर के सभी धार्मिक संगठन और सामाजिक संगठनों ने मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को सफल और शांतिपूर्ण जुलूस की शुभकामनाएं दी। प्रशासन भी मुस्तैदी से अपना कार्य करता दिखा, वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित पूरे जुलूस में दिखाई दिए।

## अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग व अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर में 27 जून 2026 को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में 27 जून 2026 को विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की। मुख्य वक्ता डॉ. शर्मिला गांगले ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि 26 जून को यह दिवस पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना तथा अवैध मादक पदार्थों के सेवन और तस्करी के विरुद्ध जनजागरण फैलाना है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, योग और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने की अपील की।

प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और स्वस्थ आदतों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर राकेश कुमार सोलंकी, डॉ. सुमन भदौरिया एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज के संकल्प के साथ हुआ।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, छोटे बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्दीकगंज में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत स्थानीय सरपंच महेंद्र सिंह काजले, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपराज बागरी और चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर और बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की गई। इस अवसर पर डॉक्टरों ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अनिवार्य रूप से पिलाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सक्रिय योगदान दिया। अभियान के पहले दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने बच्चों को दवा पिलाने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वही ग्राम सिद्धि गंज के बावड़ी चौक पर जीरो से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इसी दौरान रानी श्रीवास्तव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, जमना बाई आंगनवाड़ी सहायिका, चेतन जायसवाल, द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई और ग्रामीणों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए जागरूक किया और पोलियो की दवा के लाभ बताएं। बताया गया कि सभी को अपने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा जरूर पिलाना है। वही बताया गया की पोलियो की दवा सभी बच्चों के लिए बहुत ही लाभदायक है। कोई भी पोलियो की दवा के बिना नहीं रहना चाहिए।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देखा, सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 135 वां संस्करण रविवार को वार्ड क्र 5 के बूथ क्र 194 पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बड़जात्या के निवास पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्तिथि में उपस्तिथ सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने सुना। बड़जात्या निवास पर पहुचे विधायक एवं सभी कार्यकर्ताओं का मुकेश बड़जात्या ने सभी की भव्य अगवानी कर स्वागत, सम्मान किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागौरी, जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल, जनपद उपाध्यक्ष गजराज सिंह पटेल, भूरू भाई, कोमल जैन, विशाल चौरासिया, सुशील संचेती, धन्नुपरमल जैन, संजय सोनी बंटू, राजू पाठक, तरुण नागौरी, दिनेश सोनी, जितेंद्र सितोलिया आदि उपस्तिथ रहे। इस अवसर पर वार्ड 5 के बूथ क्रमांक 194 एवं वार्ड क्र 12 के बूथ क्र पर बूथ अध्यक्ष अर्जुन बंटू सोनी और तरुण नागौरी की उपस्थिति में डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125 वी जयंती पर मनाया जा रहे पखवाड़े के अंतर्गत मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनेह याद किया। कार्यक्रम के पश्चात विधायक ने व्यापारियों से मुलाकात कर व्यापारियों का स्वागत किया।

### सीहोर शहर किसान कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर पीयूष मालवीय नियुक्त



**सीहोर।** कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और युवाओं को आगे लाने के उद्देश्य से किसान कांग्रेस में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र चौहान एवं सीहोर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री जगदीश चौहान की सहमति से सीहोर के सक्रिय और लोकप्रिय युवा नेता भाई पीयूष मालवीय को सीहोर शहर किसान कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। पीयूष मालवीय की इस नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सभी का मानना है कि पीयूष मालवीय के कुशल नेतृत्व और ऊर्जावान कार्यशैली से सीहोर शहर में किसान कांग्रेस और मुख्य पार्टी संगठन को एक नई मजबूती मिलेगी पीयूष मालवीय को सीहोर शहर अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### संदीपनि विद्यालय में साइबर अपराध के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

# एसडीओपी, थाना प्रभारी ने बच्चों को दिए साइबर सुरक्षा के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




वर्तमान डिजिटल युग में तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्थानीय संदीपनि विद्यालय, बागली में साइबर अपराध सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सावधानी ही सुरक्षा है के मूल मंत्र के साथ विद्यार्थियों को साइबर ठगी और ऑनलाइन खतरों से बचने के उपाय सिखाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बागली एसडीओपी संजय सिंह, थाना प्रभारी (टीआई) मनोज सिंह, स्कूल के प्राचार्य शालिग्राम भारती और डॉ. प्रीति मालवीया सहित विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य शालिग्राम भारती ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने तकनीक के अत्यधिक उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को सचेत किया। प्राचार्य भारती ने कहा कि ₹वर्तमान समय में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ इस प्रकार का व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान मिलना बेहद जरूरी है, लेकिन हमें इसके दुष्प्रभावों से भी बचना होगा। आज के समय में मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन बच्चों की आंखों, दिमाग (माइंड) और त्वचा पर बहुत गहरा व हानिकारक असर डाल रहा है। यह स्थिति इतनी गंभीर है कि यह हमारी उम्र (जीवन प्रत्याशा) को भी कम करने का खतरा पैदा कर रही है। इसलिए इस प्रकार के अभियानों से बच्चों में जागरूकता आना बेहद आवश्यक है।₹कार्यशाला के मुख्य सत्र में बागली एसडीओपी संजय सिंह ने छात्रों को साइबर दुनिया के तकनीकी और उज्ज्वल भविष्य के पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्ट्रीम्स (विषयों) का महत्व बताते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा और पुलिसिंग में हर क्षेत्र के विशेषज्ञों की जरूरत होती है। उन्होंने कहाः कि₹आप चाहे जिस भी विषय से पढ़ाई कर रहे हों—चाहे वह गणित (मैथ्स) हो, विज्ञान (साइंस), आर्ट्स (कला) हो या कॉमर्स (वाणिज्य)—हर क्षेत्र का अपना महत्व है। भविष्य में साइबर सुरक्षा और आईटी सेल के अंतर्गत टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स और डेटा एनालिसिस जैसे पदों के लिए विभिन्न विषयों के छात्रों की आवश्यकता होती है। साइबर क्राइम की जानकारी न सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए, बल्कि आपके करियर और भविष्य के निर्माण के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

## भौरासा की बेटी और बहू बनी बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




देवास अभिभाषक संघ (एडवोकेट बार एसोसिएशन) के चुनाव गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता केंद्र में संपन्न हुए। सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ, जिसके बाद शाम 6 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई। देर रात तक चली मतगणना के बाद सात पदों के परिणाम घोषित किए गए।चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण पदों में शामिल उपाध्यक्ष पद पर भौरासा नगर की बेटी एवं स्वर्गीय शरदचंद चौधरी की पुत्री तथा स्व. मदन मोहन पुराणिक की पुत्रवधू जयंती कौशल पुराणिक ने जीत हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाया। उनके उपाध्यक्ष निर्वाचित होने की खबर से भौरासा में हर्ष का माहौल है। पुराणिक की इस उपलब्धि पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, नगजीराम यादव, रमेशचंद्र ईनानी,